

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6-3 से हराया

## भारत-ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 हॉकी सीरीज, जीत पर भारतीय पुरुष टीम ने मनाया जश्न

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 18 मई. राजधानी भोपाल के उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई सेंटर में सोमवार को भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 6-3 से हराकर चार मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी. एक ड्रॉ और एक हार के बाद भारतीय टीम की यह जीत बेहद खास रही.**

मैच की शुरुआत से ही भारतीय खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे नजर आए. टीम ने आक्रामक खेल अपनाया और पहले ही क्वार्टर में आकाश दीप और शाहरुख अली ने गोल कर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी. दूसरे क्वार्टर में कप्तान केतन कुशवाहा और रोमित पाल ने लगातार दो गोल कर 4-1 से बढ़त बनाई. केतन कुशवाहा ने तीसरे क्वार्टर में अपना दूसरा गोल किया, जबकि अंश बहुत्रा ने छठा गोल दागकर जीत पक्की कर दी. ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भी लगातार आक्रमण किए, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों की फिटनेस, तालमेल और मजबूत डिफेंस के सामने वह जीत हासिल नहीं कर सकी.

**ग्वालियर से भोपाल आए मैच देखने :** 85 वर्षीय राम चरण ग्वालियर शहर से भोपाल मैच देखने आए. उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं के कारण आज के खिलाड़ियों के पास आगे बढ़ने के बेहतर अवसर हैं. उनके बड़े भाई दुर्गा दादा को महान मेजर ध्यान चंद के साथ खेलने का अवसर मिला था.

### भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से हारी

भारतीय अंडर-18 महिला टीम ने भी शानदार संघर्ष किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से हार गई. संदीपा कुमारी ने भारत के लिए बराबरी का गोल किया, मगर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में निर्णायक बढ़त बना ली. सीरीज का चौथा और अंतिम मुकाबला बुधवार 20 मई को इसी मैदान पर खेला जाएगा.

### भोपाल तेजी से बन रहा हॉकी का केंद्र

**भोपाल.** हाई परफॉर्मेंस साई के डायरेक्टर पियूष कुमार दुबे ने कहा कि भोपाल तेजी से देश का उभरता हुआ हॉकी केंद्र बन रहा है. उन्होंने बताया कि यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं, कई एस्ट्रो टर्फ और उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था उपलब्ध है. उन्होंने यह भी कहा कि कम उम्र से खिलाड़ियों को बेहतर पोषण और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का अनुभव देना भारतीय हॉकी को और मजबूत बनाएगा.



### मध्यप्रदेश बना हॉकी की नई ताकत

भोपाल में सोमवार को हॉकी इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से मुलाकात कर प्रदेश में हॉकी के तेजी से हो रहे विकास की सराहना की. बैठक में हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष सेकर जे. मनोहरन और महानिदेशक कमांडर आर.के. श्रीवास्तव मौजूद रहे. बैठक में प्रदेश की हॉकी अकादमियों, आधुनिक सिंथेटिक टर्फ और खिलाड़ियों को दी जा रही बेहतर सुविधाओं पर चर्चा हुई. हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने कहा कि मध्यप्रदेश आज देश में हॉकी विकास का मजबूत मॉडल बनकर सामने आया है. भोपाल में 15 से 20 मई तक भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 हॉकी सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज के लिए मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के 10 खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन हुआ है, जिसे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. प्रदेश को लगातार तीसरी बार हॉकी इंडिया का 'बेस्ट स्टेट ऑफ द ईयर' पुरस्कार मिला है. मंत्री सारंग ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए लगातार काम कर रही है.

# पुरुषोत्तम मास में दीपदान से मिलता है पुण्य

▶ पिंपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शिव महापुराण कथा

**भोपाल, 18 मई. अधिकमास के पावन अवसर पर श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन सोमवार को आचार्य विवेक महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में दीपदान करने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है.**

उन्होंने बताया कि कार्तिक मास में दीपदान करने से जो पुण्य फल मिलता है, उससे हजार गुना अधिक पुण्य पुरुषोत्तम मास में दीपदान करने से प्राप्त होता है. इस पवित्र मास में भगवान शिव एवं भगवान विष्णु की उपासना विशेष फलदायी मानी गई है. इस अवसर पर कथा के यजमान यश पारीक एवं शशांक पारीक ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर महाआरती की . श्री शिव महापुराण कथा प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से आयोजित की जा रही है.



### 35 और 45 प्लस खिलाड़ी भी दिखाएंगे दम

**भोपाल (खेल प्रतिनिधि).** भोपाल एक बार फिर प्रदेश के बेहतरीन खिलाड़ियों की मेजबानी के लिए तैयार है. टीटी नगर स्टेडियम में 29 से 31 मई तक मध्यप्रदेश स्टेट क्लोज्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 का आयोजन होगा. तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दम दिखाएंगे. खेल एवं युवा कल्याण विभाग और मध्यप्रदेश स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के संयुक्त आयोजन में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों में खासा उत्साह है. अब तक करीब 200 खिलाड़ी पंजीयन करा चुके हैं. प्रतियोगिता में अंडर-11 से लेकर अंडर-19 तक के वर्गों के साथ पुरुष, महिला, 35 वर्ष से अधिक और 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे. टीटी नगर स्टेडियम के स्क्वैश कोर्ट इन दिनों खिलाड़ियों की तैयारियों से गुलजार हैं. आयोजकों का मानना है कि यह प्रतियोगिता नए खिलाड़ियों को बड़ा मंच देगी और प्रदेश में स्क्वैश को नई पहचान दिलाएगी. स्क्वैश को 2028 ओलंपिक में शामिल किए जाने के बाद इस खेल के प्रति युवाओं का आकर्षण तेजी से बढ़ा है.




# खिलाड़ियों और माता-पिता का किया सम्मान

▶ रवीन्द्र भवन में एक शाम माता-पिता के नाम कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 18 मई. रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागृह में 'एक शाम माता-पिता के नाम' कार्यक्रम में प्रख्यात गायिका इशिता विश्वकर्मा और सुनील शुक्रवारे ग्रुप ने माता-पिता को समर्पित गीतों की प्रस्तुति दी.**

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में माता-पिता के प्रति सम्मान, संस्कार एवं कृतज्ञता की भावना को सशक्त करना रहा. आयोजक रिंकू ओझा, विशिष्ट अतिथि डॉ. एल.एन. मालवीया, चेतन पाटीदार, बिट्टू शर्मा एसीपी जहांगीराबाद, बृजेश शुक्ला, पं. गिरीश शर्मा, एवं भगवान दास ढालिया ने वरिष्ठजनों और समाज के प्रेरक बने दिव्यांग खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया, पैरा कैनो एशियन खेल मेडलिस्ट गजेंद्र सिंह, पैरा तैराक अनन्या गंगलानी और बुजर्ग माता-पिता का सम्मान किया. कार्यक्रम में समाजसेविका रिंकू ओझा ने कहा कि यदि हम अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं, तो वास्तव में हम पूरे समाज का सम्मान करते हैं. उन्होंने सभी परिवारों एवं युवाओं से पारिवारिक मूल्यों को सहेजने और माता-पिता के प्रति आदरभाव बनाए रखने का आह्वान किया.

## एक नजर में



### राजेन्द्र कुमार बने नामदेव समाज विकास परिषद अध्यक्ष

**भोपाल, 18 मई.** नामदेव समाज विकास परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी के चुनाव हुए, जिसमें अध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार नामदेव (गाडरवारा) 106 मतों से विजयी घोषित किए गए. वहीं कोषाध्यक्ष पद पर भीकम सिंह नामदेव (भोपाल) 246 मतों से तथा महामंत्री पद पर सुभाष चंद्र वर्मा (इंदौर) निर्विरोध निर्वाचित हुए. मुख्य चुनाव अधिकारी अजय कुमार नामदेव, एडवोकेट के अनुसार मतदान रविवार 17 मई को भोपाल स्थित नामदेव समाज सामुदायिक भवन में संपन्न हुई. लगभग 1237 मतदाताओं ने मतदान किया. मतगणना उपरांत निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. इसके बाद राजेंद्र कुमार नामदेव ने दादाजी धाम मंदिर पहुंचकर दादाजी गुरुदेव के दर्शन किए. इस दौरान समाज विकास एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया.

### बच्चों ने पेंसिल टर्न और बैरल जंप से निखारी प्रतिभा

**भोपाल(नवभारत प्रतिनिधि).** शहर के बच्चों और युवाओं के कदम इन दिनों डांस फ्लोर पर नए उत्साह के साथ थिरक रहे हैं. अवसर था ब्लेस वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित 15 दिवसीय प्रोडक्शन बेस्ड कंटेम्परेरी डांस वर्कशॉप के चौथे दिन का. जहां कार्यशाला में 30 से अधिक बच्चे और युवा डांस की बारीकियां सीख रहे हैं. कार्यशाला के चौथे दिन बच्चों ने सबसे पहले शरीर को लचीला बनाने के लिए फ्लोर वर्क का कड़ा अभ्यास किया. इसके बाद डांस एक्सपर्ट योगेंद्र सिंह राजपूत ने बच्चों को पेंसिल टर्न, रौंदे डी जैम्ब टर्न, ग्राम हॉप और बैरल जंप जैसी कठिन और आधुनिक डांस तकनीक सिखाई. उन्हें जज और बैले के फुटवर्क का भी अभ्यास कराया गया.

### श्वांस के माध्यम से आवाज नियंत्रित करना बताया

**भोपाल(निज संवाददाता).** एकजुट थिएटर एंड वेलफेयर समिति भोपाल द्वारा आयोजित 20 दिवसीय नाट्य कार्यशाला के चौथे दिन सोमवार को 'श्वास, वॉइस मॉड्यूलेशन और बॉडी कंट्रोल' विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया. यह कार्यशाला पीएनटी चौराहा स्थित मायाराम सुरजन भवन में रोज शाम 5 से 7 बजे तक संचालित की जा रही है. इसका उद्देश्य युवाओं को संस्कृति, समाज, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अनुशासन से जोड़ना है, प्रतिभागियों को श्वांस लेने की तकनीकें सिखाई गई, जिससे वे अपनी आवाज को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकें. कार्यशाला में मिलन सिंह रावत, खुशबू चौबितकर और कंचन विश्वास मार्गदर्शन दे रहे हैं.

### ब्लू हाउस फाइनल में, आशु शेख का शतक

**भोपाल (खेल प्रतिनिधि).** बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम में चल रही सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट स्पर्धा मे ब्लू हाउस ने ग्रीन हाउस को 73 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू हाउस ने 50 ओवर में 289 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया. टीम के आशु शेख ने 100 रन पारी खेली. सोहेल ने 38 और राघव ने 35 रन जोड़े .कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. ग्रीन हाउस की ओर से शरद ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए. 290 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन हाउस की शुरुआत संभली हुई रही, लेकिन बीच के ओवरों में टीम लगातार विकेट खोती चली गई. सिद्धार्थ ने 52 रन और पृथ्वी ने 27 रन बनाए, लेकिन टीम 216 रन पर ऑल आउट हो गई.

### शिवाजी, वन्देमातरम हाउस की शानदार जीत

**भोपाल 18 मई (खेल प्रतिनिधि).** अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर-12 वर्ग में प्रताप हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 68 रन बनाए. प्रथम लिंगायत ने 9 और आध्या रानाडे ने 8 रन जोड़े. शिवाजी हाउस की ओर से निर्भय सिंह, आरव जाट और अभ्युदय भदौरिया ने 2-2 विकेट लिए. जवाब में शिवाजी हाउस ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. हार्दिक पटेल ने 25 और निर्भय सिंह ने 16 रन बनाकर टीम को 5 विकेट से जीत दिलाई. निर्भय सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. अंडर-14 वर्ग में वन्देमातरम हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 152 रन बनाए. ईरनवीर सिंह ने 43 और वंश पुवार ने 29 रन बनाए. सत्यमेव जयते के रुद्राक्ष प्रताप सिंह ने 4 विकेट लिए. लक्ष्य का पीछा करते हुए सत्यमेव जयते की टीम 107 रन पर सिमट गई. आदित्य सोलंकी ने 60 रन बनाए, लेकिन टीम को 45 रन से हार मिली. अच्छे प्रदर्शन पर ईरनवीर सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया.

# मप्र ताम्रकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने धर्मेन्द्र पैगवार

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 18 मई. मप्र ताम्रकार समाज के प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव में धर्मेंद्र पैगवार अध्यक्ष निर्वाचित हुए भोपाल के नर्मदा मंदिर में हुए चुनाव में प्रदेश भर से आए 331 प्रदेश प्रतिनिधियों ने मतदान किया.**



मतदान में पैगवार को 239 और उचेहरा के भरत लाल ताम्रकार को 92 वोट मिले. चुनाव में पैगवार पैनल के चार पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए. इनमें नर्मदापुरम के सर्जन डॉक्टर अतुल सेठा उपाध्यक्ष, प्रदीप ताम्रकार सतना सचिव, हरिओम ताम्रकार अनूपपुर कोषाध्यक्ष, जबलपुर की प्रतिभा पंडा सह सहसचिव बनीं . वहीं विदिशा की रश्मि ताम्रकार, सागर के अतुल ताम्रकार, रीवा के प्रहलाद ताम्रकार, सतना के पुष्पेंद्र ताम्रकार, काला पीपल के विशाल शिवपुरिया, चीचली नरसिंहपुर के श्रेयश ताम्रकार कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए हैं.

# 4 क्विंटल फूलों से सजा श्याम बाबा का दरबार

## जलसा सांवरे संकीर्तन का आयोजन



**भोपाल, 18 मई. कर्फ्यू वाली माता मंदिर, भवानी चौक, सोमवारा के प्रांगण में 'जलसा सांवरे का' संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के जयकारों के साथ भजन-संकीर्तन का आनंद लिया.**

कार्यक्रम के आयोजक सिद्धेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम में बाबा श्याम के दरबार को चार क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया.

नागपुर की कृष्ण प्रिया दीदी द्वारा प्रस्तुत भजन 'मेरा आप की कृपा से सब काम हो रहा है' और 'श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम' पर श्रद्धालु अंजली साध्वी जी (वृंदावन धाम) ने प्रवचन से श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का संदेश दिया. उन्होंने कृष्ण प्रिया दीदी के साथ मिलकर 'राधे-राधे बोल मनवा' भजन भी प्रस्तुत किया, अंत में श्याम बाबा की महाआरती, जयकारों और प्रसादी वितरण के साथ यह भव्य संकीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ.

# भेल में अत्याधुनिक वीसी सिस्टम का शुभारंभ

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 18 मई. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) की भोपाल इकाई में अत्याधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) प्रणालियों का शुभारंभ किया गया.**

यह पहल भेल में डिजिटल परिवर्तन कार्यक्रम को गति देने के उद्देश्य से की गई है. नवनिर्मित वीसी प्रणालियों का उद्घाटन भेल भोपाल के कार्यपालक निदेशक पी. के. उपाध्याय ने महाप्रबंधकों, डीआरओ तथा विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया. यह परियोजना पीसी-आधारित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के लिए कॉर्पोरेट स्तर पर किए गए रेट कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत लागू की गई है, जिसमें डीटीजी भोपाल ने भेल की सभी इकाइयों के लिए लीड प्रोक्योरमेंट एजेंसी की भूमिका निभाई. परियोजना के तहत देशभर में भेल की विभिन्न इकाइयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और परियोजना स्थलों पर कुल 174 वीसी कक्ष स्थापित किए गए हैं.




# कलियासोत डेम में श्रमदान कर की साफ-सफाई

▶ महानगर भोजपुरी समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान

**भोपाल, 18 मई. मध्य प्रदेश भोजपुरी समाज के प्रमुख संगठन महानगर भोजपुरी समाज भोपाल ने कलियासोत डेम की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया. इस दौरान डेम से प्लास्टिक, पन्नी, कपड़े, प्लास्टिक की बोतलें सहित अन्य सामग्री निकाली.**

संगठन के अध्यक्ष ददन सिंह यादव ने पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने तथा प्राकृतिक जल स्रोतों एवं जल जीव-जंतु को बचाने लिए समाज के लोगों के साथ स्वच्छता का संकल्प लिया.

डेम में यह श्रमदान संगठन के कोषाध्यक्ष रमेश यादव की पहल पर किया गया. इसमें उपाध्यक्ष रमेश सिंह, अवधेश प्रताप शुक्ला, अजीत सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, हीरालाल यादव, चंद्रभान सिंह सहित अन्य लोगों ने श्रमदान किया. श्रमदान के बाद 'चाय पर सार्थक परिचर्चा' के तहत भोजपुरी में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए.

शोध संगोष्ठी ▶ एक्सपर्ट्स ने समझाए सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के मायने

# मैनिट में 5 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आगाज

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 18 मई. मैनिट के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सोमवार को देश भर से आए शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं ने सतत विकास लक्ष्यों पर गहन चर्चा की. यह अवसर था पांच दिवसीय इस राष्ट्रीय कार्यशाला और शोध संगोष्ठी एएसडीजी 2026 के शुभारंभ का. मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग और जीआईजेड इंडिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में पहले ही दिन देश के विकास और लक्ष्यों पर संवाद हुआ.**




कार्यशाला में देश के कोने-कोने से 75 प्रतिभागियों ने संस्थान में आकर ऑफलाइन और 46 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया है. जिसमें डीन. डॉ अनुपमा शर्मा और यूएन वूमेन की स्टेट हेड जोयात्री रे ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए नीतियों और शोध से समाज में होने वाले बदलावों परअपने विचार रखे.

सत्र के मुख्य वक्ता उप पुलिस महानिरीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग डॉ. विनीत कपूर ने किताबी बातों से परे हटकर वास्तविक जीवन के उदाहरणों और केस स्टडीज के जरिए समझाया कि जब तक आम समाज को विकास की प्रक्रिया से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक कोई भी लक्ष्य हासिल करना मुमकिन नहीं है. उन्होंने कहा कि असली विकास वही है, जो समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे. तो अगले तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने एमडीजी से एसडीजी तक के वैश्विक सफर और इसमें भारत की उपलब्धियों पर विस्तार से बात की. जीआईजेड के सलाहकार हिमांशु गुप्ता और एमपीआरएनए के कंसल्टेंट्स गौरव वाडिचर, अजय, नितिन, अभिषेक भार्गव और अभिषेक मालवीय ने प्रतिभागियों को साक्ष्य आधारित निर्णय प्रक्रिया और एसडीजी डैशबोर्ड के इस्तेमाल के गुण सिखाए. इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. के आर अहरवाल भी मौजूद रहे.